सार-समाचार

प्रतिभाओं का सम्मान किया

उदयपुरवाटी (निसं)। कोट गांव की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रधानाचार्य श्रवण कुमार मीणा की अध्यक्षता में वार्षिकोत्सव, भामाशाह एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। समारोह में भामाशाहों व मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। समारोह के विशिष्ट अतिथि सरपंच प्रतिनिधि आसकरण गुर्जर, एडवोकेट मोतीलाल सैनी, मदनलाल कुमावत, संबलनकर्ता संगीता मीणा, सुनील कुमार मीणा पीईईओ नांगल, बाबूलाल, छोटूराम राठी, वार्ड पंच सुनील शेरावत, सांवता राम मीणा थे। विद्यालय के विक्रम सिंह बजावा, रामावतार सैनी, अमरसिंह मीणा, लक्ष्मण सैनी, बलराम गुर्जर ने अतिथियों का स्वागत किया। वार्षिकोत्सव में छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगारंग बेहतरीन प्रस्तुतियां दी। विद्यालय के रामावतार सैनी ने विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में प्रतिभावान विद्यार्थियों, विद्यालय के पूर्व विद्यार्थियों का राजकीय सेवा में चयन होने पर व विद्यालय के विकास में सहयोग करने वाले भामाशाहों का सम्मान किया गया। प्रधानाचार्य श्रवण कुमार मीणा ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन राजेन्द्र प्रसाद सैनी ने किया। इस मौके पर व्याख्याता विक्रम सिंह बजावा, प्रताप सिंह खेदड, लक्ष्मण सिंह सैनी, बलराम गुर्जर, अमर सिंह मीणा, बजरंग लाल, अमित भारद्वाज, राजेन्द्र प्रसाद सैनी, मातूसिंह, मंजू मीणा, सुशीला देवी सहित कई लोग उपस्थित रहे।

स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान तीस से

सीकर, (निसं)। स्वास्थ्य विभाग की ओर से तीस जनवरी से 13 फरवरी तक स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान को आयोजन किया जागए। अभियान के तहत विभिन्न जन जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया ने बताया कि आगामी 30 जनवरी से 13 फरवरी तक जिले में स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान के तहत जागरूकता गतिविधियों का आयोजन कर कुष्ठ रोग के बारे में आमजन को जानकारी दी जाएगी। इस अभियान के तहत आइए सब मिलकर जागरूकता बढाएं, भ्रांतियां दूर करें तथा कुष्ठ रोग से प्रभावित कोई भी व्यक्ति छूट न जाएं थीम पर गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। तीस जनवरी को कुष्ठ दिवस कुष्ठ रोग के प्रति जागरूकता के लिए संदेश सभी सरपंच की ओर से ग्राम सभा के सदस्यों व आमजन को दिया जाएगा और प्रश्नोत्तरी का आयोजन होगा। उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ निर्मल सिंह ने बताया कि अभियान के तहत 31 जनवरी से 13 फरवरी तक जिला, ब्लाक एवं ग्राम पंचायत स्तर पर प्रचार प्रसार गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा एवं विभिन्न माध्यमों से लोगों को कुष्ठ रोग के बारे में जानकारी दी जाएगी। अभियान के तहत स्लोगन लेखन, माइकिंग, पम्पलेट वितरण आदि गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

शिकायत निवारण तंत्र समिति की बैठक

सीकर, (निसं)। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को विवाद एवं शिकायत निवारण तंत्र समिति एवं राजस्थान निवेश प्रोत्साहन की जिला स्तरीय स्क्रीनिंग समिति की बैठक आयोजित हुई। इस दौरान जिले के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्र के विकास कार्यों एवं राइजिंग राजस्थान के तहत जिले में किए एमओयू की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान जिला कलेक्टर शर्मा ने औद्योगिक क्षेत्र सीकर में बरसाती पानी की निकासी के विकास कार्यों को एक महीने के भीतर पूर्ण करने, जिले के नवीन औद्योगिक क्षेत्र महावा-भराला एवं गणेश्वर में विकास कार्यों को तय समय में पूर्ण करने के निर्देश दिए, उन्होंने औद्योगिक क्षेत्र नीमकाथाना में पीने के पानी की सुचारू रूप से आपूर्ति करने, औद्योगिक क्षेत्र रामगढ़ शेखावाटी में वॉल टू वॉल ब्लॉक लगाने, औद्योगिक क्षेत्र सीकर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना करने के निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर शहर भावना शर्मा,जिला उद्योग केंद्र की महाप्रबंधक विकास सिहाग, एआरएम निधि चौधरी, धर्मेंद्र दाधीच सहित संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी, औद्योगिक संस्थानों के प्रतिनिधि बैठक में उपस्थित रहे।

पायल सहायक आचार्य के पद पर चयनित

लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी (निसं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा असिस्टेंट प्रोफेसर अंग्रेजी विषय के पद पर आयोजित परीक्षा के साक्षात्कार का परिणाम घोषित किया गया है। घोषित परिणाम में सीकर रोड पारीक अस्पताल के सामने वार्ड 10 निवासी वैंकटेश पारीक की पुत्रवधू पायल पारीक धर्मपत्नी विकास पारीक का चयन अंग्रेजी विषय के असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर चयन हुआ है। पायल पारीक वर्तमान में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सरदारशहर में अंग्रेजी विषय की व्याख्याता है तथा इनके पति विकास पारीक फतेहपुर मुख्य डाकघर में पदस्थापित है। जबकि विकास के बड़े भाई सचिन पारीक केन्द्रीय सचिवालय दिल्ली में अंडर सेक्रेटरी के पद पर सेवारत हैं। राजकीय महाविद्यालय में सहायक आचार्य के पद पर पायल पारीक का चयन होने पर पारिवारिक सदस्यों व शुभचिंतकों ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए बधाई दी है।

बच्चों को स्वेटर वितरित

रतनगढ़ (निसं)। लायंस क्लब प्रेरणा रतनगढ़ द्वारा 126 बच्चों को स्वेटर वितरित सौजन्य व्यास परिवार रतनगढ़ द्वारा ललिता व्यास व उनके पुत्र राहुल व्यास, कुणाल व्यास के आर्थिक सहयोग से पिता स्व. लक्ष्मीनारायण व्यास की पुण्य स्मृति में 126 बच्चों को स्वेटर बंटवाकर पुण्य आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की है। स्वेटर वितरण का पुण्य कार्य 'महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय पंडितपुर' में किया गया ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व पालिकाध्यक्ष संतोष बाबू इनदौरिया रहे।कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष विरेंद्र कुमार बुनकर,ओमप्रकाश चौहान,जयकांत बिवाल,सन्दीप कन्दोई,नरेन्द्र चौधरी,रवि सरावगी,हिमांशु,सुधीर शर्मा भारती मुदगल,रामावतार ठठेरा,अंकित शर्मा आदि लायन साथी उपस्थित रहे ।स्कूल प्रधानाचार्य रामचन्द्र सैनी, अर्चना पोद्दार आदि ने क्लब व व्यास परिवार का आभार व्यक्त किया।

ट्री गॉर्ड वितरित किये

रतनगढ़ (निसं)। पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि की प्रेणना से धानुका एग्रीटेक लिमिटेड, दिल्ली के आर्थिक सौजन्य से भारत विकाश परिषद के तत्वावधान में स्थानीय भाजपा कार्यालय में ट्री गॉर्ड का वितरण किया गया। ट्री गॉर्ड की महत्ता को समझते हुए आबसर, सेहला, लूछ व भोजासर गाँवो के लिए ट्री गॉर्ड वितरित किए गए। महर्षि ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर देश भर में करोड़ो पौधे लगाए गए अब पौधे की रक्षा के लिए सभी एकजुट होकर पौधे की देखभाल का संकल्प ले तभी मुहिम सफल हो पाएगी। इस अवसर पर भारत विकास परिषद के प्रांतीय उपाध्यक्ष वासुदेव चाकलान, परिषद के स्थानीय शाखा सचिव परमेश्वरलाल आत्रेय, भाजपा नेता अर्जुनसिंह फ्रांसा, जगजीत सिंह, श्योपाल रुखसार ,सरपंच संपत नायक सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

विशाल भजन संध्या 30 को

लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी (निसं)। श्री गौसाई जी महाराज सेवा समिति बठोठ की ओर से भजन सम्राट शक्तिनाथ महाराज के सानिध्य में 30 जनवरी को रात्रि 9.15 बजे से विशाल भजन कीर्तन का आयोजन होगा जबकि 31 जनवरी को दोपहर 12.15 बजे मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा एवं दोपहर 1.15 बजे से प्रसाद वितरण होंगा। समिति की ओर से जारी विज्ञिप्त के अनुसार 27 जनवरी को प्रातः 9.15 बजे भूमि पूजन,29 जनवरी को प्रातः 9.15 बजे से अखण्ड रामायण पाठ होंगे जबकि 30 जनवरी को प्रातः 9.15 कलश यात्रा, प्रातः 11.15 बजे पूजन विधि व अपराह्न 3.15 हवन होगा।

संस्कृति ज्ञान परीक्षा आयोजित

सादुलपुर, (निसं)। संकुल प्रमुख श्री नारायण सिंह गुर्जर ने बताया कि मंगलवार को राजगढ नगर में संचालित चारों आदर्श विद्या मंदिर में विद्या भारती संस्थान कुरुक्षेत्र द्वारा आयोजित संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के सभी बच्चों ने भाग लिया एवं राजगढ नगर तथा तहसील के अन्य 5० विद्यालयों के 965 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। प्रधानाचार्य किशन लाल, रूक्मानंद, कांता टेलर, आचार्य रवि यादव, सुरेश शर्मा, आचार्या मिनाक्षी, संजीता, पूजा, पूनम, लता, सिलोचना, सोनिया, नीलम, मोनिका, राजेश, रणवीर व बबिता आदि का सहयोग रहा।

जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक 24 को

सीकर, (निसं)। चिकित्सा विभाग की जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक 24 जनवरी को दोपहर चार बजे होगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया ने बताया कि जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट स्थिति सभागार में होने वाली बैठक में स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं, कार्यक्रमों व गतिविधियों की समीक्षा की जाएगी।

आबादी क्षेत्र में तोड़े गये निर्माण की क्षतिपूति राशि दिलवाने की मांग

सादुलपुर, (निसं)। राजगढ़ से झुन्झुनू निर्माणाधीन सड़क मार्ग पर गांव बैरासर छोटा में सडक निर्माण के दौरान आबादी क्षेत्र में तोड़े गये निर्माण की क्षतिपूर्ति राशि सही मायनों व सही माप दण्ड से दिलवाने की मांग कर मंगलवार को ग्रामीणों ने उपखण्ड अधिकारी राजगढ को ज्ञापन सौंपा है।

दोपहर 12 बजे मिली जानकारी में कृष्ण जांगिड़ के नेतृत्व में दिये गये ज्ञापन में ग्रामीण जगदीश, मुकेश, सरीता, सुरेन्द्र कुमार, विक्रम, इन्द्र सिंह, दयाकौर, मूलचन्द आदि ने बताया कि राजगढ से झुन्झुनू सडक मार्ग का निर्माण किया जा रहा है जो गांव बैरासर छोटा में से होकर निर्माण किया जा रहा हैं। उक्त आबादी गांव

■ गांव बैरासर छोटा में सड़क निर्माण के दौरान आबादी क्षेत्र में निर्माण तोड़े गये थे

ग्रामीणों ने एस.डी.एम. राजगढ़ को ज्ञापन सौंपा।

बैरासर छोटा तहसील राजगढ जिला चूरू के आबादी भूखण्ड मय निर्माण, सडक निर्माण में आनें के कारण तोडे गये हैं जिनकी क्षतिपूर्ति राशि सही मायनों व सहीं माप दण्ड से भवन मालिको को नहीं मिली है। ग्रामीणों ने बताया कि सुरेन्द्र, हनुमान शर्मा, सुन्दर, हरलाल, कृष्ण, राजवीर, मेहरचन्द व मूलचन्द आदि के मकान, बोरिंग, रसोई व टॉयलेट बाथूरूम, दीवार व कुई सहित अन्य निर्माण तोडे गये हैं, जिनका 10 प्रतिशत भी क्षतिपूर्ति राशि नहीं मिल रही है।

उक्त सड़क का सर्वे चंन्द्रमुखी पत्नी गोकल के घर पर बैठकर चन्द्रमुखी व रामनिवास के कहनें पर पूर्ण रूप से भेदभाव निति के आधार पर किया गया है।

इसलिए उक्त सर्वे को निरस्त किया जावे व दुबारा सडक का सर्वे करवाया जाना न्यायोचित है। साथ ही बतया कि आबादी भूमि के अधिग्रहण का कोई मुआवजा नहीं दिया गया है। काफी लोगों व गांव के लोगों के नुकसान अधिक हुआ हैं व क्षतिपूर्ति राशि कम आई हैं। साथ ही चेतावनी दी कि उक्त अनियमितता को सुधारते हुए उपरोक्त लोगों को हुई क्षति की क्षतिपूर्ति राशि पूरी मापदण्ड सहित दिलवाई जावे। अन्यथा ग्रामीणों को मजबूरन अनशन पर बैठना पडेगा, जिसकी जिम्मेदरी प्रशासन की होगी।

स्वावलंबी भारत का डिजिटल हस्ताक्षर अभियान शुरू

झुंझुनूं, (निसं)। जिला मुख्यालय पर स्थित श्री राधेश्याम आर. मोरारका राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मंगलवार को स्वावलंबी भारत अभियान के तत्वावधान में स्वावलंबी भारत का डिजिटल हस्ताक्षर अभियान शुरू आयोजन किया गया। अध्यक्षता प्राचार्य प्रोफेसर सुरेंद्र सिंह ने की। प्रत्येक युवा को रोजगार देने, बेरोजगारी की समस्या का स्थाई समाधान के लिए स्वावलंबी भारत अभियान अंतर्गत उद्यिमता आयोग के गठन को लेकर डिजिटल हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ 12 जनवरी युवा दिवस पर किया गया था। डिजिटल हस्ताक्षर के लिए प्रेरित करने के साथ अभियान के उद्देश्य और महत्व से अवगत कराया गया। स्वदेशी जागरण मंच जिला संयोजक एवं जिला सह समन्वयक स्वावलंबी भारत अभियान डॉ. शुभकरण कुमावत ने बताया कि अभियान के उद्देश्य स्वदेशी की भावना को जन-जन में समाहित करने, हर घर स्वदेशी, हर युवा उद्यमी के पवित्र उद्देश्य को लेकर स्वावलंबी भारत अभियान ने जन जन की भावनाओं की आवश्यकता स्वरोजगार, गुणवत्तायुक्त रोजगार के लिए आयोग के गठन के लिए है।

'शारीरिक, मानसिक, आध्यात्म व योग संतुलन के लिए खेल आवश्यक'

झुंझुनूं, (निसं)। जिला मुख्यालय स्थित एसीआई सीसै स्कूल में एलआईसी के मुख्य शाखा प्रबंधक राजीव सिंह मील के मुख्य आतिथ्य व सीए डॉ. रोहित चौधरी की अध्यक्षता में खेलकूद सप्ताह का समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ. योगेंद्र शर्मा, सीए दीपक खेतान, डॉ. संगीता उदयपुरिया, विशाखा चौधरी, एडवोकेट विकास बुडानिया व आशीष बरवड थे।

एक सप्ताह तक चली इस खेलकूद प्रतियोगिता में कक्षा नर्सरी से लेकर नौंवीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। समापन समारोह के आरंभ में मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं विद्यार्थियों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। खेल प्रभारी एवं स्कूल प्रशिक्षक आकाश योगी ने बताया कि प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रतियोगी एवं सर्वश्रेष्ठ टीम को गोल्ड, सिल्वर व ब्रॉन्ज मैडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजीव सिंह मील ने अपने उद्बोधन में कहा कि खेल मानसिक, शारीरिक और सामाजिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है। यह हमें स्वस्थ रखने, दिमाग की क्षमता को विकसित करने सामरिकता का अभ्यास करने और टीम वर्क करने का अवसर प्रदान करता है। यह हमारे जीवन की गुणवत्ता को बढाता है और हमें सकारात्मक रूप से सोचने, संघर्ष करने और जीवन की क्षमता प्रदान करता है। वहीं सीए डॉ. रोहित चौधरी ने कहा कि खेलने से प्रतिरक्षा प्रणाली मजबूत होती है और बीमारीयों से बचाव होता है।

खेलकूद से रचनात्मकता एवं कल्पनाशीलता का विकास होता है। खेल चरित्र निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। साथ ही एडवोकेट आशीष ने रवींद्र नाथ टैगोर की गीतांजलि के माध्यम से सभी विद्यार्थियों को प्रेरित किया। संस्था निदेशक विकास शर्मा ने कहा कि खेलने से न सिर्फ आपका शरीर स्वस्थ रहता है। बल्कि आपका मानसिक स्वास्थ्य भी बेहतर रहता है। दरअसल, खेल जैसी गतिविधियां आपके ब्लड सर्कुलेशन, मूड और मानसिक स्वास्थ्य को सही करती है। इसके अलावा आजकल की इस तनाव से भरी दुनिया में खेल ही है। जो की आपको कुछ मिनटों में तनाव मुक्त होने में मदद कर सकता है। कार्यक्रम का संचालन ऋतिका बहुगुणा व राकेश चौधरी ने किया।

अभिभावकों ने भी साझा किए अनुभवः- इस अवसर पर उपस्थित अभिभावक डिम्पल सोनी, मोनिका, पवन मोरदिया, नीतू, अबरार अहमद, अब्दुल, आरती, माया, दर्शना सहित आशातित अभिभावकों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। संस्थान निदेशक मनोज शर्मा ने सभी आगंतुक अभिभावकों एवं को खेलकूद सप्ताह के सफल आयोजन के लिए संयोजन समिति आशा शर्मा, प्रियंका शर्मा, सरोज, ऐश्वर्या स्वामी, सुमन चौहान, निशा शर्मा, पूनम शर्मा, वैशाली, महेंद्र सिंह को धन्यवाद प्रेषित करते हुए विजेताओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर फाउंडेशन हैड विजय सैनी, सुनिल कुमार, दिनेश वर्मा, अशोक जांगिड़, राधेश्याम शर्मा, धर्मेंद्र नागर, जयप्रकाश शर्मा, दिनेश आचार्य, संदीप झाझड़िया, दिवेंक शर्मा, नरेश कुमार, सरिता कुमारी, पूनम जांगिड़, दिव्या रोहिला, हेमंत जांगिड़, शिवकुमार पालीवाल, रमेश मील उपस्थित थे।

कर्मचारियों ने आधे दिन का कार्य बहिष्कार किया

झुंझुनूं, (निसं)। राजस्व विभाग में तहसीलदार के पदों पर मंत्रालयिक कर्मचारियों के निर्धारित कोटे से छेड़छाड़ की चर्चा के बाद अब राजस्व मंत्रलायिक कर्मचारियों ने आंदोलन छेड़ दिया है। कुल 15 सूत्री मांगों को लेकर मंगलवार को प्रदेशव्यापी आव्हान पर पूरे प्रदेश के राजस्व मंत्रलायिक कर्मचारी आधे दिन की हडताल पर रहे।

वहीं बुधवार से काली पट्टी बांधकर दफ्तरों में काम काज करेंगे। इसी क्रम में झुंझुनूं में भी जिलाध्यक्ष तेजपाल के नेतृत्व में राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारियों ने आधे दिन की हड़ताल रखी। वहीं 15 सूत्री मांग पत्र मुख्य सचिव के नाम पर जिला कलेक्टर को दिया। इस मौके पर राजस्थान मंत्रालयिक कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र फौजी तथा राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारी संघ के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजेश बजाड़ ने बताया कि राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारी पिछले कई सालों से अपनी मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे है। समय-समय पर सरकार से बातचीत भी हुई है।

मांगों पर सहमति भी बनी है। लेकिन सरकार हर बाद सहमति के बाद समझौते के अनुसार कार्य करने की बजाय सभी मांगों को ठंडे बस्ते में डाल देती है। लेकिन इस बार संघ पूरी लड़ाई लड़ेगा। ज्ञापन में राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारियों की मुख्य मांग राजस्व विभाग में तहसीलदार के पदों पर मंत्रालयिक संवर्ग का कोटा यथावत रखने की है। इसके अलावा राजस्व विभाग के अधीन राजस्व मंडल एवं इसके अधीन संभागीय आयुक्त कार्यालय, जिला कलक्टर्स एवं उपनिवेशन विभाग, भू-प्रबन्ध विभाग को मंत्रालयिक निदेशालय में शामिल नहीं करने, उपखंड अधिकारी कार्यालयों में कार्यभार अनुसार नवीन पदों का सृजन करने, राजस्व विभाग के मंत्रालयिक कर्मचारियों को भी प्रशासनिक कार्यालय आरपीएससी, विधान सभा सचिवालय, सचिवालय के समान पदनाम एवं वेतन भत्ते स्वीकृत करने, उपखंड कार्यालयों में पैरोकार सरकार के पद पर नायब तहसीलदार के स्थान पर अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी के पदों का सृजन करने जैसी मांगें की गई है।

इस मौके पर कार्यालय अधीक्षक राकेश पूनियां, आसमा खान, रोहिताश मीणा, ओमप्रकाश मीणा, विवेक साहरण, बाबूलाल सैनी, अनिल राहड़, योगेश धूपिया, उमर इकबाल, इरफान, प्रदीप चाहर, कर्मवीर खीचड़, तन्यसिंह, अनिता देवी, विपिन चौधरी, नवीद खान, शाकीब हुसैन, अकरम, विनोद मीणा, शुभम सैनी, अरविंद, आलम शेर, राजेश देग, अशोक डांगी, संदीप शर्मा, सूर्यप्रकाश आदि मौजूद थे।

नगर खेल कुंभ का आयोजन

झुंझुनूं, (निसं)। मंडावा रोड पर स्थित द टैगोर स्कूल में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के तत्वावधान में तीन दिवसीय खेल कुंभ का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने बैडमिंटन, वॉलीबॉल, कबड्डी व खो-खो जैसी विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं बढ़-चढ़कर भाग लिया। विद्यार्थी परिषद के विभाग संगठन मंत्री राजकुमार ने बताया कि विद्यार्थियों को अपने पढाई के साथ साथ खेलों में भी रुचि दिखानी चाहिए। जिससे मानसिक विकास के साथ-साथ शारीरिक विकास भी हो, खेलों के प्रति जागरुकता बडे खेलों में भी विद्यार्थी अपने देश समाज का नाम रोशन कर सकते हैं।

अगर किसी खेल को आप समय देते हैं तो वह आने वाला समय आपको देता है। शिक्षाविद् प्रमेंद्र कुल्हार ने बताया कि खेल हमारे जीवन का महत्वपूर्ण अंग हैं। विद्यार्थी के शारीरिक व मानसिक विकास के लिए खेल बहुत जरूरी बन गया है।

दिव्य ज्योति शोभायात्रा में सैलाब उमड़ा

चूरू (निसं)। श्री ढांढंण शक्ति भक्त मंडल चूरू की ओर से टीडा गेला दादी के अखिल भारतीय रजत जयंती बसंतोत्सव के तहत निकाली गई 47 दिवसीय रथयात्रा का 41वां ठहराव मंगलवार को चूरू में हुआ।

रथ यात्रा के चूरू आगमन पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा धोली सती दादी मंदिर से रवाना होकर सुभाष चौक, सफेद घंटाघर, गढ चौराहा, गुदड़ी बाजार होते हुए श्रीराम मंदिर पहुंची। शोभायात्रा का जगह-जगह तोरण द्वार बनाकर, पुष्प वर्षा कर व गुलाल उड़ाकर स्वागत किया गया। शोभायात्रा में सिरसा के कलाकारों द्वारा शिव बारात की झांकी, नासिक के बैंड वादन व ऊंट-घोडी नृत्य की प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही। इस दौरान राम-लक्ष्मण, जानकी, राधा-कृष्ण, हनुमान वानर सेना, अयोध्या के भगवान श्रीराम की सजीव झांकी व अघोरी नृत्य की

चूरू में अखिल भारतीय रजत जयंती बसंतोत्सव के तहत शोभायात्रा निकाली गई।

भव्य झांकी भी सजाई गई। शोभायात्रा का आलम यह था कि हाथों में ध्वज पताका लिए नाचते-गाते महिला-पुरुषों ने हर किसी के मन को मोह रहा था। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने सभी का आभार व्यक्त किया।

सार-समाचार

सर्वाइकल कैंसर पर कार्यशाला हुई

झुंझुनूं, (निसं)। राजस्थान मरू उडान कार्यक्रम के अंतर्गत महिला अधिकारिता विभाग के द्वारा मंगलवार को न्यू राजस्थान बालिका पीजी महाविद्यालय में स्तन कैंसर और सर्वाइकल कैंसर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. अर्शा चौधरी ने स्तन कैंसर और सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम, पहचान और समय पर उपचार के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कैंसर के प्रारंभिक लक्षणों और उसके निदान के लिए नियमित जांच के महत्व को समझाया। इसके साथ ही, उन्होंने छात्राओं को इन बीमारियों के प्रति जागरूक रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की सलाह दी। कार्यशाला में महिला अधिकारिता विभाग के उप निदेशक विप्लव न्योला ने छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की अपील की। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को कैंसर जैसे गंभीर रोगों के प्रति जागरूक करना और उन्हें समय पर उपचार के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित छात्राओं और स्त्री रोग विशेषज्ञ से अपने सवाल पूछे और कैंसर से जुड़ी भ्रांतियों को दूर किया। कार्यशाला में स्कूल के संस्थापक चेयरमैन इंजीनियर प्यारेलाल ढूकिया, संस्थान के सचिव पीयूष ढूकिया, एडीईओ प्रमोद आबूसरिया, एपीआरओ विकास चाहर सहित सैकड़ों की संख्या में छात्राएं मौजूद रहे।

वीरांगना को 50 लाख का चैक भेंट

सूरजगढ़, (निसं)। उग्रवादी मुठभेड में डाडा क्षेत्र में छह राजपूत 10 राष्ट्रीय राइफल के शहीद जवान डूमोली कलां निवासी विजेंद्र पुत्र रामजीलाल की वीरांगना व उसके माता-पिता का भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं पूर्व सांसद संतोष अहलावत ने सम्मान कर मुख्यमंत्री सहायता कोष से दिए गए चैक भेंट किए। इस दौरान वीरांगना को 45 लाख तथा माता-पिता को पांच लाख का चैक भेंट किया। वहीं शहीद परिवार के रास्ते की समस्या समाधान करने का आश्वासन दिया। मौके पर जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल सुरेश जांगिड़, सूबेदार राजेंद्र, दशरथ सिंह, पूर्व पार्षद बाबूलाल चेतीवाल, सामाजिक कार्यकर्ता गिरधारीलाल बड़गुर्जर, गुलजारीलाल चावला, कृष्ण कुमार चावला, शंभूदयाल चेतीवाल, कृष्ण कुमार बड़सीवाल, पार्षद राजेंद्र सौंकरिया, संतोष कुमावत सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।

पटवारियों की हड़ताल जारी

झुंझुनूं, (निसं)। अपनी 10 सूत्री मांगों को लेकर पटवारियों की हड़ताल मंगलवार को लगातार नौंवे दिन भी जारी रही। झुंझुनूं पटवार संघ के जिलाध्यक्ष होशियार सिंह खीचड ने मंगलवार को मलसीसर और झुंझुनूं तहसीलों के बाहर दिए गए धरने को संबोधित किया। जिलाध्यक्ष ने बताया कि 13 जनवरी से लगातार झुंझुनूं जिले के 300 के करीब पटवारी हड़ताल पर है। काम-काज पूरी तरह से ठप पड़ा हुआ है। हमारी 10 सूत्री मांगें, जिनमें ग्रेड पे, डीपीसी जैसी प्रमुख मांगे है। जब तक सरकार नहीं मानेगी। हड़ताल जारी रहेगी। 13 जनवरी से हर तहसील व उपखंड कार्यालय के बाहर धरने दिए जा रहे थे। सोमवार को जिला स्तर पर कलेक्ट्रेट पर धरना दिया गया। इसके बाद प्रदेश नेतृत्व में ने तय किया है कि आगामी निर्देशों तक फिर से हर तहसील व उपखंड कार्यालय के सामने ही धरना शुरू किया जाएगा। काम पर नहीं लौटा जाएगा। इसी क्रम में मंगलवार से एक बार फिर तहसील व उपखंड कार्यालयों के बाहर धरना शुरू कर दिया है।

विदाई समारोह आयोजित

सीकर, (निसं)। स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत अधिकारियों का स्थानान्तरण होने पर मंगलवार को स्वास्थ्य भवन में विदाई समारोह का आयोजन किया। समारोह में लेखा अधिकारी राजीव कुमार महला, सांख्यिकी अधिकारी केशरदेव, प्रशासनिक अधिकारी भगवान सहाय शर्मा, सांख्यिकी निरीक्षक माधवी सेवदा को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया, उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ निर्मल सिंह, जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विशाल सिंह व अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ हर्षल चौधरी तथा सभी कर्मचारियों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनका फूल माला पहनाकर व बुके भेंटकर अभिनंदन किया और भावभीनी विदाई दी।

कलेक्टर को ज्ञापन दिया

झुंझुनूं, (निसं)। जिले के नवलगढ़ उपखंड की मोहनवाडी पंचायत के बारवा गांव में हो रहे खनन कार्य का विरोध हो रहा है। मंगलवार को ग्रामीण बड़ी संख्या में बारवा गांव से झुंझुनूं जिला मुख्यालय पहुंचे। जिन्होंने जिला कलेक्टर और माइनिंग के अधिकारियों को लिखित शिकायत करते हुए इस खनन को बंद करवाने, अब तक हुए खनन का सीमा ज्ञान करवाने की मांग की। साथ ही कहा कि नियम विरूद्ध ब्लास्टिंग और खनन के कारण आए दिन बस्ती में बने मकानों में पत्थर आते है। साथ ही पहाड़ी पर स्थित 500 साल पुराना महात्मा जी का मंदिर भी टूटने की कगार पर पहुंच गया है। मंदिर पर जाने के लिए गांव के लोगों ने आपस में चंदा इकट्ठा कर चार बार रास्ता बना लिया। लेकिन लीज धारक द्वारा यह रास्ता तोड़ दिया जाता है। इसलिए इस खनन को बंद करवाया जाए। खनन बंद ना करवाने की सूरत में आंदोलन की चेतावनी दी गई है।

शहादत दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम होंगे

गुढ़ागौड़जी, (निसं)। क्षेत्र के चंवरा गांव की शहीद रामसिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। आयोजनकर्ता राजेंद्र प्रसाद दौराता ने बताया कि रक्तदान शिविर का आयोजन शहीद सम्मान समिति एवं चंवरा ग्रामवासियों के द्वारा शुक्रवार 24 जनवरी को सुबह 9:15 बजे से शाम पांच बजे तक रखा गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर एवं विशिष्ट अतिथि श्री श्री 1008 लक्ष्मणदास महाराज होंगे। इस अवसर पर शहीद वीरांगना एवं पूर्व सैनिकों का सम्मान किया जाएगा।

अंजू का असिस्टेंट प्रोफेसर में चयन

झुंझुनूं, (निसं)। सीगड़ा निवासी अंजू तेतरवाल पत्नी डॉ. सुधेश तेतरवाल का कॉलेज शिक्षा में असिस्टेंट प्रोफेसर अंग्रेजी साहित्य के पद पर चयन हुआ है। अंजू के चाचा ससुर कमलेश तेतरवाल ने बताया कि अंजू इससे पूर्व केंद्रीय विद्यालय में व वर्तमान में स्कूल शिक्षा विभाग में राउमावि रींगस में व्याख्याता अंग्रेजी के पद पर कार्यरत है। अंजू ने सफलता का श्रेय सास बनारसीदेवी, माता पिता श्रीमती व श्री अशोक गढ़वाल सीकर के आशीर्वाद एवं पति डॉ. सुधेश तेतरवाल व मार्गदर्शक गुरु जीत सर की लगातार प्रेरणा व प्रोत्साहन को दिया है।

छात्राओं का सम्मेलन आज

झुंझुनूं, (निसं)। सेठ नेतराम मगराज टीबडेवाला राजकीय कन्या महाविद्यालय में बुधवार को पूर्व छात्राओं का सम्मेलन आयोजित होगा। कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. रामकुमार सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम में पूर्व छात्रा परिषद की अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष सहित सभी पूर्व छात्राओं को आमंत्रित किया गया है व कार्यक्रम में सांस्कृतिक गतिविधियों का भी आयोजन किया जाएगा। सभी पूर्व छात्राएं एक दूसरे के साथ बातचीत कर पाएंगी व एक दूसरे से अपने विचार-विमर्श कर पाएंगी।

मां की पुण्यतिथि पर गायों की सेवा की

**झुंझुनू